बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

नेक ग्रेड–ए

कार्यालय – नर्मदापुरम मार्ग, भोपाल – 462 026

क्रमांक : 119........./गोपनीय/2026 भोपाल, दिनांक :25/3/26

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध समाहित महाविद्यालय,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल
म.प्र.

विषयः–सेमेस्टर पद्धति स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर सत्र 2025–26 की प्रायोगिक, सतत् आंतरिक मूल्यांकन, परियोजना/प्रोजेक्ट एवं मौखिकी परीक्षाएं आयोजित कर अंक प्रेषित करने सबंधी।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि सेमेस्टर पद्धति के अंतर्गत सत्र 2025–26 स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर 14 (2) अध्यादेश के तहत सतत् आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षाएं विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त किये गए बाह्य परीक्षकों के सहयोग से अधिसूचना जारी होने की तिथि से एक सप्ताह में प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित कर अंक प्रविष्ठि विश्वविद्यालय के वेब प्रकोष्ठ द्वारा आपके महाविद्यालय हेतु निर्धारित लिंक के माध्यम से विश्वविद्यालय वेब साइट www.bubhopal.ac.in पर परीक्षा आयोजन तिथि को ही अपलोड करवाने का कष्ट करें। प्रायोगिक परीक्षांक पर्ण/प्रतिपर्ण (Foil/Counter Foil) केवल निर्धारित प्रपत्र पर आंतरिक परीक्षक एवं बाह्य परीक्षक के नाम, मोबाइल क्रमांक पते एवं हस्ताक्षरों के साथ प्रस्तुत किये जावें, इनके अभाव में अंक स्वीकार्य नहीं होंगे। प्रायोगिक परीक्षाएं संपन्न करवाकर अंक निर्धारित तिथियों तक ऑनलाइंन निर्धारित लिंक पर अपलोड करें तथा अंकों की कागज प्रति (Hard Copy) भी गोपनीय शाखा में जमा करावें।

परीक्षा नियंत्रक
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

पृ. क्रमांक :120....../गोपनीय/2026 भोपाल, दिनांक 25/3/26

प्रतिलिपि :–

1. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण विभाग की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. सचिव के माध्यम से मान.कुलगुरूजी की ओर सूचनार्थ।
4. निज सहायक के माध्यम से कुलसचिव जी की ओर सूचनार्थ।
5. उप–कुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय/अकादमी/भंडार, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
6. सहायक कुलसचिव परीक्षा/गोपनीय/अकादमी/भंडार, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
7. वित्त नियंत्रक, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
8. प्रभारी, स्वागत् एवं पूछताछ/अधिष्ठाता, छात्र कल्याण/जनसंपर्क अधिकारी/परीक्षा नियंत्रण कक्ष की ओर सूचनार्थ।
9. प्रभारी वेबसाइट ब.वि.वि. भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
10. निजी नस्ती।

सहायक कुलसचिव ~~परीक्षा~~ (गोपनीय)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल